भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2238

दिनांक 31 जुलाई, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

एचआईवी/एड्स की रोकथाम संबंधी कार्यक्रम

†2238. श्री बलवंत बसवंत वानखडे:

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2025 में यूएसएआईडी/संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति की एड्स राहत हेतु आपातकालीन योजना(पीईपीएफएआर) के अंतर्गत देश में एचआईवी/एड्स की रोकथाम के लिए प्रदान की जाने वाली सहायता में की गई वित्तीय कटौती से प्रभावित परियोजनाओं का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार तथा परियोजना -वार ब्यौरा क्या है;

(ख) ऐसी परियोजनाओं के अंतर्गत प्रभावित लाभार्थियों सहित किशोरों, ट्रांसजेंडर व्यक्तियों तथा एचआईवी से पीड़ित व्यक्तियों जैसी प्रमुख आबादी की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार अनुमानित संख्या क्या है; और

(ग) बाह्य सहायता को कम करने या उसे वापस लेने के पश्चात परियोजना (एक्सेलरेट) सहित ऐसी परियोजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को प्रदान की जाने वाली सहायता को जारी रखने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का प्रस्ताव है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (ग) राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम पूर्ण रूप से घरेलू वित्त पोषित केन्द्रीय क्षेत्र योजना है, जिसमें एचआईवी/एड्स के लिए वैश्विक निधि अनुदान के माध्यम से लगभग 5 प्रतिशत अंशदान किया जाता है। भारत सरकार राष्ट्रीय एड्स और एसटीडी नियंत्रण कार्यक्रम के तहत नि:शुल्क रोकथाम, परीक्षण और उपचार सेवाएं प्रदान करती है।

नाको को यूएसएआईडी/पीईपीएफएआर से कोई वित्तीय सहायता प्राप्त नहीं हुई है। देश में एचआईवी/एड्स की रोकथाम के लिए यूएसएआईडी/पीईपीएफएआर द्वारा दी जाने वाली सहायता में कटोटी का राष्ट्रीय एड्स और

यौन संचारित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत उच्च जोखिम वाली आबादी, जोखिमग्रस्त आबादी और एचआईवी संक्रमित लोगों के लिए रोग रोकथाम, परीक्षण और उपचार संबंधी सेवाओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।

राष्ट्रीय एड्स और एसटीडी नियंत्रण कार्यक्रम भारत की एसडीजी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए, एचआईवी प्रबंधन प्रकिया को बेहतर बनाने के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं और नवाचारों को साझा करने, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण सहित तकनीकी क्षेत्रों में पूर्ववर्ती यूएसएआईडी सहित अंतर्राष्ट्रीय संगठनों, द्विपक्षीय और बहुपक्षीय भागीदार एजेंसियों के साथ सहयोग करता है।

*****